यात्री प्रतीक्षालय की साफ-सफाई का निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने लिया जायजा, नियमित रूप से सफाई रखने के दिए निर्देश, आधुनिक शौचालय में भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने आज सुबह नेहरू नगर चौक स्थित यात्री प्रतिक्षालय का निरीक्षण किया उन्होंने सफाई व्यवस्था प्रतिदिन रखने के निर्देश प्रतीक्षालय में दिए हैं। आयुक्त ने कहा कि यात्री प्रतीक्षालय में हजारों यात्री कुछ समय के लिए यहां प्रतिदिन ठहरते हैं और अपने गंतव्य की ओर निकल जाते हैं। इस दौरान यात्री कुछ खाद्य सामग्री का भी उपयोग करते हैं, जिसे देखते हुए व्यापक सफाई तथा डस्टबिन रखना भी नियमित रूप से अनिवार्य है, इसके लिए उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए है। समीप में ही आधुनिक शौचालय का निगमायुक्त ने निरीक्षण किया , सड़क किनारे लगे होने के कारण यात्री प्रतीक्षालय के यात्री भी यहां पर नित्यकर्म के लिए जाते हैं , वही नेहरू नगर चौक प्रमुख चौराहा होने के कारण इस शौचालय का उपयोग भी अधिक मात्रा में लोगों के द्वारा किया जाता है , निगम आयुक्त ने कहा कि शौचालय की साफ, सफाई व्यवस्था नियमित रूप से हो, आने वाले लोगों को गंदगी का सामना न करना पड़े , इसके लिए उन्होंने संचालक एजेंसी को तत्काल व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 4 दुर्गा माता चौक के पास साफ , सफाई व्यवस्था का जायजा लिया , उन्होंने इस दौरान पब्लिक फीड बैक भी लिया तथा रोड स्वीपिंग का कार्य भी देखा। नेहरू नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 के विभिन्न इलाकों का आयुक्त ने जायजा लिया। बरसात के कारण जुनवानी नाले के भराव का निरीक्षण किया तथा पथ वृक्षारोपण की स्थिति देखी और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना आदि मौजूद रहे।